गुरुवार
29 दिसंबर 2022
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज




बक्सर में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ : तीन होटलों के अलग-अलग कमरों में मिले 21 जोड़े 3



## कार्रवाई: जम्मू में पुलिस के साथ मुठभेड़ में चार आतंकी ढेर

◆ सिद्दड़ा पुल के पास नाके पर सुबह साढ़े सात बजे हुई मुठभेड़

◆ एक ट्रक में सवार हो श्रीनगर की ओर जा रहे थे सभी आतंकी

**एजेंसी/श्रीनगर**

जम्मू शहर के साथ सटे सिद्दड़ा इलाके में बुधवार तड़के सुबह सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में चार आतंकी मारे गए हैं। चारों आतंकियों के शव बरामद कर लिए गए हैं और हथियार भी मिले हैं। मौके पर पुलिस, सीआरपीएफ और सेना की टीमें मौजूद हैं। अभी संबंधित क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। बता दें कि कुछ दिन पहले ही सिद्दड़ा में पुलिस पोस्ट पर संदिग्ध ग्रेनेड हमला किया गया था।

जानकारी के अनुसार, सिद्दड़ा पुल के पास नाके पर सुबह करीब साढ़े सात बजे पुलिसकर्मियों ने जांच के लिए ट्रक नंबर जेके 18- 1226 को रोका। पुलिस को देख चालक मौके से फरार हो गया। वहीं, ट्रक में बैठे अन्य लोगों ने गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद मुठभेड़ शुरू हुई। इसमें चार दहशतगर्दों



को मार गिराया गया है। चारों के शव बरामद कर लिए हैं। मौके पर से सात ऐके 47, तीन पिस्टल और एम4 राइफल भी मिली है। बताया जा रहा है कि ट्रक कश्मीर घाटी के कुलगाम के गुलाम मोहम्मद खान के नाम रजिस्टर्ड है। फिलहाल, सुरक्षाकर्मी ट्रक की तलाश कर रहे हैं। ट्रक मालिक की अभी पहचान नहीं हो पाई है, ट्रक जम्मू से श्रीनगर जा रहा था।

एक सप्ताह पहले जम्मू कश्मीर के शोपियां जिले में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हुई थी। मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकवादी मारे गए। आतंकवादियो के मारे जाने के बाद सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके में नाकाबंदी कर तलाशी अभियान तेज कर दिया है।

## गृहमंत्री ने जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर अधिकारियों के साथ की बैठक

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में आर्टिकल 370 खत्म किए जाने के बाद अब विकास की रफ्तार को बढ़ाने की कोशिश हो रही है। केंद्र सरकार लगातार घाटी में आतंक से निपटने और तमाम तरह की विकास परियोजनाओं के लिए निर्देश जारी कर रही है। इसी बीच अब केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर को लेकर एक अहम बैठक की अध्यक्षता की है।
इस बैठक में तमाम बड़े अधिकारी और जम्मू-कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा भी शामिल हुए। जानकारी के मुताबिक घाटी में मौजूदा सुरक्षा व्यवस्था और विकास परियोजनाओं को लेकर ये बैठक बुलाई गई थी। इस बैठक में केंद्रीय गृहमंत्री की तरफ से अधिकारियों से तमाम तरह की जानकारियां ली गईं और कई अहम निर्देश भी दिए गए। बैठक में सीआरपीएफ डीजी, चीफ सेक्रेटरी जम्मू-कश्मीर एके मेहता, रॉ चीफ और एनआईए चीफ भी मौजूद थे. जिनके साथ कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई।
बैठक को लेकर एक अधिकारी ने बताया कि केंद्रशासित प्रदेश में कार्यान्वित विकास कार्यक्रमों पर भी बैठक में विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने कहा कि हालिया महीनों में जम्मू-कश्मीर में हिंसा की छिटपुट घटनाएं हुई हैं, जिनमें मासूम नागरिकों और सुरक्षाकर्मियों पर हमले और सीमा पार से घुसपैठ की कोशिशें शामिल हैं।

## अस्पताल में भर्ती बीमार मां का हाल जानने पहुंचे मोदी

**अहमदाबाद।** पीएम नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसकी जानकारी मिलते ही खुद पीएम मोदी अहमदाबाद के लिए रवाना हुए और उन्होंने अस्पताल पहुंचकर मां से मुलाकात की। कड़ी सुरक्षा के बीच पीएम मोदी ने अपनी बीमार मां से अस्पताल में मुलाकात की, जिसके बाद वो वहां से निकल गए। हालांकि डॉक्टरों की टीम ने बताया है कि पीएम मोदी की मां हीराबेन की हालत स्थिर है। फिलहाल डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन मोदी को तबीयत बिगड़ने के तुरंत बाद यू एन मेहता इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी एंड रिसर्च सेंटर में भर्ती कराया गया। हॉस्पिटल में भर्ती होने के कुछ ही देर बाद अस्पताल की तरफ से एक हेल्थ बुलेटिन जारी किया गया, जिसमें बताया गया कि हीराबेन मोदी की हालत स्थिर है।

**राहुल गांधी ने किया ट्वीट:** पीएम मोदी की मां हीराबेन की तबीयत बिगड़ने की जानकारी मिलते ही देश के तमाम लोगों और नेताओं ने उनके जल्द ठीक होने की कामना की। इसी क्रम में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी ट्वीट किया। अपने इस ट्वीट में उन्होंने कहा, एक मां और बेटे के बीच का प्यार अनन्त और अनमोल होता है, मोदी जी, इस कठिन समय में मेरा प्यार और समर्थन आपके साथ है। मैं आशा करता हूं आपकी माताजी जल्द से जल्द स्वस्थ हो जाएं।

## दर्दनाक: चूल्हे की आग से एक ही परिवार के पांच लोग जिंदा जले

**मऊ के शाहपुर गांव में झोपड़ी में आग लगने से हुआ हादसा**



अंतिम संस्कार के लिए घाट पर उमड़ी भीड़।

**केटी न्यूज/मऊ**

यूपी के मऊ में मंगलवार की देर रात हुए दर्दनाक हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की जलकर मौत हो गई। घटना कोपागंज थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव की है। जानकारी के अनुसार गांव में देर रात उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक झोपड़ी में चूल्हे की चिंगारी से आग लग गई। झोपड़ी में मौजूद एक महिला सहित उसके चार बच्चों की जलकर दर्दनाक मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर डीआईजी अखिलेश कुमार, डीएम अरुण कुमार, एसपी अविनाश पांडे पहुंचे। शव को बाहर निकलवा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज गया। बताया जा रहा है कि गुड्डी देवी नाम की महिला अपने बच्चों के साथ झोपड़ी में थी। इसी दौरान चूल्हे की चिंगारी से उसकी झोपड़ी में आग लग गई। आग में महिला सहित उसके चारों बच्चों की जलकर मौत हो गई। गुड्डी का पति रमाशंकर राजभर बाहर काम करता है।

### दमकल पहुंचने से पहले सबकुछ हो गया खत्म

जब तक घटनास्थल पर मेडिकल टीम और दमकल की गाड़ी पहुंचती तब तक सभी की मौत हो चुकी थी। घटना की जांच के आदेश दिए गए हैं। हादसे की खबर से लोग सन्न हैं. परिवार की स्थिति पर लोग चिंता जाहिर कर रहे हैं। यह मौत एक बार फिर फायर सेफ्टी को लेकर सवाल खड़े कर रही है।

### मृतकों के परिवार को मिलेगा मुआवजा

जिला अधिकारी अरुण कुमार ने बताया कि गुड्डी नाम की महिला अपने बच्चों के साथ झोपड़ी में थी। चूल्हे की चिंगारी से उसकी झोपड़ी में आग लग गई, जिसमें महिला सहित उसके चार बच्चों की मौत हो गई। इस मामले में दैवीय आपदा के अंतर्गत 4-4 लाख रुपए मुआवजे तौर पर दिए जाएंगे।

## खबरें फटाफट

### चिराग पासवान ने बिहार में राष्ट्रपति शासन की मांग की

**नई दिल्ली।** चिराग पासवान ने दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और बिहार में बढ़ते क्राइम को लेकर एक पत्र सौंपा है। इस पत्र के माध्यम से चिराग पासवान ने बिहार में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि बिहार में कानून का राज समाप्त हो गया है। राज्य में बालू माफिया, शराब माफिया, भू-माफिया तथा अपराधी सरकार संरक्षित हैं और खुलकर अपनी गतिविधि चला रहे हैं। इस स्थिति ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर रखा है। ऐसे में बिहार में अविलंब हस्तक्षेप करते हुए राष्ट्रपति शासन लगाए जाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए।

### सीवान में प्रत्याशी के बेटे को मारी गोली

**सीवान।** सीवान जिले के आंदर नगर पंचायत के मुख्य पार्षद पद के लिए चुनाव लड़ रही महिला प्रत्याशी के बेटे को बदमाशों ने गोली मार दी। जिसके बाद घयाल को इलाज के लिए स्थानीय सदल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल युवक की पहचान आंदर निवासी पिंटू कुशवाहा के रूप में हुई है। घटना के संबध में बताया जा रहा है कि मंगलवार की रात विरोधी दल द्वारा भरटोलिया गांव में मतदाताओं को पायल एवं रुपये देकर अपने पक्ष में वोट देने के लिए दबाव बनाया जा रहा था। इसका विरोध किया तो बदमाशों ने गोली मारकर घायल कर दिया।

### 3 को बिहार आ रहे भाजपा अध्यक्ष

**पटना।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा नए साल पर बिहार आ रहे हैं. उनका बिहार दौरा 3 जनवरी को होगा और इसे लेकर पार्टी ने जोरदार तैयारी शुरू कर दी है। जेपी नड्डा का यह एकदिवसीय दौरा वैशाली का होगा, जहां वे जनसभा को संबोधित करेंगे। नड्डा अपने दौरे के दौरान बिहार भाजपा के नेताओं के साथ बैठक भी करेंगे और आने वाले समय के लिए पार्टी की जड़ों को बिहार में सशक्त करने पर मंथन करेंगे। नड्डा के दौरे को लेकर भाजपा ने पूर्व मंत्री जीवेश कुमार को प्रभारी बनाया गया है।

**बिहार: दूसरे चरण में 54.7% पुरुष और 59.6% महिलाओं ने किया मतदान**

# नगर निकाय चुनाव में 57.70 फीसदी पड़े वोट, महिलाएं आगे

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के नगरपालिका चुनाव के दूसरे चरण में पटना सहित 68 नगरपालिकाओं में बुधवार सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक वोट डाले गए। इस दौरान कुल 57.70 फीसद वोटिंग हुई। इसमें 54.72% पुरुष और 59.62 फीसदी महिलाओं ने मतदान किया है। सबसे अधिक खगड़िया में 68.39 फीसदी मतदान हुआ है। जबकि सबसे कम पटना में 39.17 फीसदी मतदान हुआ है। 30 दिसंबर को नतीजे आएंगे। मतदान के दौरान कहीं कोई गड़बड़ न हो। इसके लिए सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था की गई थी। शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव के लिए 28 हजार से अधिक जवानों की प्रतिनियुक्ति क्षेत्रों में की गई थी। दूसरे चरण में राज्य के 23 जिलों में वोटिंग हुई। राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त डॉ दीपक प्रसाद ने कहा कि कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान सम्पन्न हो गया। उन्होंने बताया कि मतदान को लेकर 83 पिंक बूथ और 94 आदर्श बूथ बनाये गए थे। उन्होंने बताया कि इस चरण में डिजिटल फोटोग्राफी मतदाताओं के लिए गए ताकि बोगस वोटिंग को रोका जा सके। 5 पार्षद पदों के पद के चुनाव उम्मीदवार की मृत्यु के कारण नहीं हुआ।



### नालंदा में फायरिंग, छपरा में चले लात-घूसे

नालंदा के बिहार थाना इलाके के मिरदाद मोहल्ले में मतदान केंद्र के पास बैठे पोलिंग एजेंट मोहम्मद अकीव खान पर ताबड़तोड़ फायरिंग हुई है। गोली लगने के बाद इलाके में भगदड़ मच गई। मामले की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे डीएम, एसपी, डीएसपी, समेत भरी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। आलाधिकारी डीएम और एसपी मामले की जानकारी ली। वहीं छपरा के मशरक नगर पंचायत के कर्मचारी भवन मतदान केंद्र पर हंगामा होने की बात सामने आई। प्रत्याशी के साथ मारपीट व बूथ कब्जे को लेकर रोड जाम कर दिया। हंगामा को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने लाठियां भांजी। वहीं मशरक में ही पूर्व उप प्रमुख को पुलिस ने चुनाव में पैसा बांटने के आरोप में गिरफ्तार किया। समस्तीपुर में नगर निकाय चुनाव के दौरान जमकर हंगामा और हाथापाई हुई। समस्तीपुर नगर निगम चुनाव के दौरान पंजाबी कॉलोनी के बूथ संख्या एक पर प्रत्याशी और उनके समर्थकों ने बवाल किया। मेयर प्रत्याशी ने ईवीएम में गड़बड़ी का आरोप लगाया। उधर, मौके पर पहुंचे सदर एसडीओ और डीएसपी के साथ भी नोकझोंक की। मामले को शांत कराते हुए एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया।

### पटना नगर निगम चुनाव में महज 34.36% मतदान

**पटना।** राजधानी पटना में नगर निगम का चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। पटना के 875 वार्डो के लिए हुए चुनाव में महज 34.36 प्रतिशत वोटिंग हुई। पहली बार इस चुनाव में मेयर और डिप्टी मेयर के लिए आम आदमी ने वोट किया जिसको लेकर उत्साह देखा गया. पटना जिला अधिकारी चंद्रशेखर सिंह ने चुनाव को लेकर अलग-अलग बूथों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि शांतिपूर्वक चुनाव हुआ और किसी भी मतदान केंद्र से कोई शिकायत नहीं मिली हैं। राजधानी पटना में लगभग 17 लाख वोटरों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। शांतिपूर्वक मतदान के लिए हर बूथ पर मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारियों को तैनात किया गया था। बता दें कि पटना में मेयर पद के लिए 32 और डिप्टी मेयर पद के लिए 16 प्रत्याशी चुनावी मैदान में थे। जिला अधिकारी डॉ चंद्रशेखर सिंह ने कहा है कि दूसरे चरण के मतदान के बाद 30 दिसंबर को वोटों की गिनती के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

**रहें सतर्क : पूर्वी एशिया में लहर आने के 35 से 40 दिनों के भीतर भारत पहुंचेगा वायरस**

## अनुमान... भारत में कोरोना से मौतें कम होंगी

**एजेंसी/नई दिल्ली**

स्वास्थ्य मंत्रालय का आकलन है कि भारत में चीन जैसी कोरोना की लहर आने की स्थिति में संक्रमितों की तादाद अचानक बढ़ेगी लेकिन हॉस्पिटल में भर्ती होने की जरूरत कम पड़ेगी। मंत्रालय का यह भी अनुमान है की इस लहर में मृतकों की संख्या ज्यादा नहीं होगी। मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि अबतक वायरस के रुझान और प्रवृति को देखते हुए अनुमान है कि पूर्वी एशिया में लहर आने के 35 से 40 दिनों के भीतर वायरस भारत पहुंचेगा। इस लिहाज से जनवरी का महीना बेहद अहम है और इसी के मद्देनजर



मंगलवार को देशभर के 20000 अस्पतालों में तैयारियों का मॉक ड्रिल किया गया . सूत्रों ने बताया कि मॉक ड्रिल में सामने आए आंकड़े बताते हैं कि अगर भारत में डेल्टा वायरस जैसी लहर भी आती है तो भी उससे निपटने की पर्याप्त तैयारी है। इनमें अस्पतालों में बेड, ऑक्सीजन, वेंटीलेटर और दवाइयां जैसी चीजें शामिल हैं।

### कोरोना के बीच इस बार नहीं लग सकेगी पाबंदी

स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि कोरोना के बीएफ.7 वेरिएंट को आइसोलेट कर लिया गया है और उसके असर और उस पर वैक्सीन के प्रभाव की जांच की जा रही है। इस बार सरकार का लोगों पर कोई पाबंदी लगाने का इरादा नहीं है। सूत्रों ने साफ किया कि मास्क लगाने और अन्य पाबंदियां लगाने पर सरकार विचार नहीं कर रही है सरकार का मानना है कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद भारत की विकास दर 7 फीसदी से आगे है ऐसे में इन पाबंदियों का असर भारत की अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल पर सकता है। एक राहत वाली खबर ये है कि पेरासिटामोल और एजिथ्रोमाइसीन जैसी दवाओं के लिए जरूरी कच्चा माल यानी एपीआई अब भारत में ही उपलब्ध है और इन जरूरी दवाइयों के लिए चीन पर भारत की निर्भरता लगभग खत्म हो चुकी है।




## खबरें फटाफट

### जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित

**आरा।** शहर के करमन टोला रोड स्थित लावारिस सेवा के प्रधान कार्यालय में लावारिस सेवा केंद्र की मासिक बैठक संपन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता पूर्व विधान पार्षद सह संस्था के अध्यक्ष लालदास राय एवं संचालन संस्थापक डीएन सिंह ने की। बैठक में विकास समेत अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के उपरांत लावारिस लाश ढोने वाले एवं लावारिस शव का अंतिम संस्कार करने वाले लोगों के बीच संस्था द्वारा ठंड से बचाव हेतु कंबल का वितरण किया गया। मौके पर मंजूल राम, मकलू राम, साहिल राम, सुरेंद्र राम आदि को संस्था द्वारा कंबल प्रदान किया गया। बैठक में रामेश्वर तिवारी, रविशंकर मिश्र, राम नारायण पांडेय, मदन सिंह, जितेंद्र कुमार, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### सासाराम में वोटिंग से पहले 6 गिरफ्तार

**सासाराम।** वोटरों में कैव बांटने को लेकर सासाराम नगर थाना में बुधवार शाम छह लोगों पर एफआईआर दर्ज किया गया है। नगर थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि सासाराम नगर निगम क्षेत्र में मंगलवार रात पुलिस ने छह लोगों को हिरासत में लिया था। उनके पास से लिफाफे में प्रत्याशी के पंपलेट के साथ पैसे मिले थे। पुलिस मामले की जांच कर सभी छह पर एफआईआर किया है। बुधवार सुबह सात बजे नगर निगम, सासाराम के लिए मतदान शुरू हो चुका है। ऐसे में मतदान से कुछ घंटों पहले ऐ नोट फॉर वोट के लिए कैश बांटने का भी मामला है, जिसकी जांच पुलिस कर रही है। एसडीएम मनोज कुमार ने बताया कि चुनाव पूर्व रात्रि सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था, इस क्रम में एसडीपीओ एवं नगर थाने की टीम के द्वारा धर्मशाला चौक पर कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। बताया कि उनके पास लिफाफा, प्रत्याशी का पंपलेट के साथ नकद राशि मिली है, उनकी गाड़ी पर भी नंबर नहीं है।

### बंद घर में चोरों ने की चोरी

**जहानाबाद।** जिले के विसुनगंज ओपी क्षेत्र के ग्राम खसखोरी से एक बंद मकान के मेन गेट का ताला तोड़कर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। जानकारी के अनुसार गृहस्वामी अरुण शर्मा अपने पूरे परिवार के साथ दिल्ली रहते हैं और गांव के मकान में ताला बंद रहता है। इसी का फायदा उठा कर चोरों ने मकान के मेन गेट का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। ग्रामीणों ने जब मेन गेट का ताला टूटा हुआ देखा, तो इसकी सूचना विसुनगंज ओपी की पुलिस को दी। ओपी अध्यक्ष रणधीर कुमार विराजी ने बताया के घटना की सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मकान में दूसरा ताला लगवा दिया गया हैं। वही पूरे घटना की जानकारी गृह स्वामी को दे दी गई हैं। गृह स्वामी के घर आने का इंतजार किया जा रहा है। इसके बाद ही स्पष्ट पता लग पाएगा कि घर से कितने की चोरी हुई है।

# नगर निकाय चुनाव में गड़बड़ी फैलाने वाले 56 गिरफ्तार, नगदी और वाहन भी जब्त

- शांतिपूर्ण चुनाव को एसपी सहित तमाम अधिकारी पूरे दिन करते रहे भ्रमण
- बाइकर्स पुलिस टीम भी करती रही पेट्रोलिंग, रात में चलाया गया चेकिंग अभियान

**केटी न्यूज/आरा**



दूसरे चरण के मतदान के लिए लाइन में खड़े मतदाता

जिले के आरा, कोईलवर और गड़हनी में सुरक्षा के कड़े इंतजाम के बीच नगर निकाय का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। इस दौरान गड़बड़ी फैलाने के आरोप में 56 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। काफी नगदी, वाहन और शराब भी बरामद की गयी है। इनमें दो लग्जरी कार और दो दर्जन बाइक शामिल है। एसपी संजय कुमार सिंह की ओर से प्रेस बयान जारी कर यह जानकारी दी गयी है। बताया गया कि नगरपालिका चुनाव के दौरान 56 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। 67 हजार रुपये नगद, 23 बाइक, एक स्कॉर्पियो,एक मौरिस गैरेज कार और 25 लीटर देसी शराब बरामद की गयी है।

बताते चलें कि शांतिपूर्ण चुनाव को डीएम राजकुमार और एसपी संजय कुमार सिंह खुद पूरे दिन इलाकों में घूमते रहे। वहीं मुख्यालय डीएसपी विनोद कुमार सिंह, पीरो एसडीपीओ राहुल सिंह और जगदीशपुर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह के अलावा नगर थानाध्यक्ष संजीव कुमार व नवादा थानाध्यक्ष अविनाश कुमार सिंह सहित अधिकतर पुलिस अधिकारी व जवान रोड पर उतर गये थे। इधर, बाइकर्स पुलिस टीम भी पूरे दिन चुनाव वाले इलाकों में पेट्रोलिंग करती रही। गली और मोहल्लों में भी पुलिस गश्त कर रही थी। दूसरी ओर मंगलवार की पूरी रात भी शहर सहित पूरे इलाके में वाहनों की सघन जांच की जा रही थी। उस क्रम में नवादा थाने की पुलिस की ओर से चार पहिया वाहनों से पैसे आदि बरामद की गयी थी।

### नोट बांटने में एक गिरफ्तार, दस हजार रुपए जब्त

आरा। आरा में नगर निगम के चुनाव के दौरान वोट के बदले नोट का खेल चला। इस मामले में पुलिस द्वारा नोट बांट रहे एक शख्स को गिरफ्तार भी किया गया है। उसके पास से दस हजार रुपए भी बरामद किया गया है। वह नगर थाना क्षेत्र के मिल्की मोहल्ला निवासी मो. दानिश है। उसे मिल्की मोहल्ला किराना स्थित बूथ संख्या 25/5, 25/6 के पास से पकड़ा गया है। उस मामले को लेकर मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात लोक स्वास्थ्य बिहिया अवर प्रमंडल के सहायक अभियंता अमित कुमार के बयान पर दानिश के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। कहा गया है कि चुनाव के दौरान वह एएसआई मनोज कुमार तिवारी के साथ नगर थाना क्षेत्र में बूथ संख्या 19 से 27 के बीच ड्यूटी कर रहे थे। तभी सूचना मिली कि बूथ संख्या 25/5,26/6 के पास वोटरों के बीच पैसा बांटा जा रहा है। उस आधार पर वह पुलिस के साथ पहुंचे तो एक आदमी झोला लेकर भागने लगा। पुलिस ने खदेड़ कर उसे पकड़ा और तलाशी ली, तो दस हजार रुपए सौ रुपये का नोट) बरामद किया गया। इधर, धनुपरा के पास भी 22 हजार रुपए के साथ एक शख्स को पकड़ा गया। वह यूपी के जिगना थाना क्षेत्र के बसोवरा निवासी पद्मम शेखर द्विवेदी है। बाद में पूछताछ के बाद उसे पीआर बांड भरवा कर छोड़ दिया गया।

### दहेज के लिए विवाहिता की गला दबाकर हत्या

**जहानाबाद।** जिले में दहेज को लेकर ससुराल वालों ने महिला की गला घोट कर हत्या कर देने का मामला सामने आया है। महिला का शव भी घर के बाहर रखे पुआल से बरामद किया गया। घटना शकुराबाद थाना क्षेत्र के खौरु मठिया गांव की है। जिसके बाद गांव में हड़कंप मच गया। मृतक के मायके वालों ने बताया उन्होंने मालती देवी की शादी 10 साल पूर्व रामानंद यादव के पुत्र सुमंत कुमार से की थी। शादी में मिले दान दहेज के अलावा बेटी मालती के कोई संतान न होने से नाराज थे और आए दिन उसके साथ मारपीट करते थे। बताया जाता है कि मंगलवार को भी पति एवं देवर द्वारा उसे मारपीट कर गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी और साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से शव को खलिहान में रखे नेवरी के पुआल में छुपा दिया। ग्रामीणों की भनक लगते ही इसकी सूचना मायके वालों को दी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मृतका के ससुराल पहुंच गए और इसकी सूचना पुलिस को दी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने खोजबीन के क्रम ने महिला के शव को घर के आगे रखी पुआल से बरामद कर किया है। वहीं, घटना के बाद ससुराल वाले घर छोड़ मौके से फरार हो गए है। एएसपी हरिशंकर कुमार ने बताया कि महिला के शव घर के आगे रखे पुआल से बरामद किया गया है। परिजन दहेज हत्या का आरोप लगा रहे है। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा की हत्या है या आत्महत्या।

### पुराना सदर अस्पताल स्थित जीएनएम कॉलेज के सभागार में एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित

# जिले में टीबी उन्मूलन का लक्ष्य प्राप्त करने में सीएचओ की भूमिका होगी सबसे अहम : डॉ. कुमार बिज्येंद्र

- सीएचओ को दी गई टीबी के लक्षणों की पहचान, इलाज व निगरानी की जानकारी
- आशा के साथ बैठक कर उन्हें एनटीईपी की दी जाएगी जानकारी

**केटी न्यूज/बक्सर**



कार्यशाला में मौजूद जिले के सीएचओ, एसडीएलएस व एसटीएस

राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम को गति देने के उद्देश्य से जिले के सभी सामुदायिक चिकित्सा अधिकारी (सीएचओ) के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें सभी सीएचओ को टीबी के लक्षणों की पहचान, स्पूटम कलेक्शन, जांच, इलाज और बचाव की जानकारी दी गई। इस क्रम में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के एनटीईपी कंसल्टेंट डॉ. कुमार बिज्येंद्र सौरभ ने विभिन्न मुद्दों और नई सेवाओं की जानकारी दी। डॉ. कुमार बिज्येंद्र सौरभ ने बताया कि सरकार ने 2025 तक टीबी उन्मूलन का लक्ष्य रखा है। जिसमें सभी सीएचओ की भूमिका अहम है। सीएचओ मरीज व विभाग के बीच की कड़ी के रूप में काम करेंगे। इसके लिए सीएचओ को एसटीएलएस और एसटीएस के साथ समन्वय स्थापित कर टीबी उन्मूलन की दिशा में काम करना होगा। ताकि, टीबी मरीजों का इलाज सुगमता से किया जा सके। उन्मुखीकरण कार्यक्रम में जिला टीबी सेंटर के मनीष श्रीवास्तव, उत्तम कुमार, कुमार गौरव, राहुल कुमार, विजय यादव समेत सभी एसटीएलएस, एसटीएस समेत सीएचओ शामिल रहे।

**मरीजों की पहचान कर जांच और इलाज कराने के लिए करें प्रेरित व काउंसिलिंग :** उन्मुखीकरण के दौरान सीएचओ को टीबी के कारण, लक्षण, बचाव एवं उपचार हेतु दवा की जानकारी दी गई। साथ ही अपने-अपने क्षेत्र के मरीजों को जांच एवं इलाज कराने के लिए प्रेरित करने पर भी बल दिया गया। ताकि मरीजों को समय पर बीमारी का पता लग सके और शुरूआती दौर में ही इलाज भी शुरू हो सके। इससे ना केवल आसानी के साथ मरीज स्वस्थ होंगे, बल्कि अन्य लोग भी संक्रमण के दायरे में नहीं आएंगे। डॉ. कुमार बिज्येंद्र सौरभ ने बताया, जिले के सभी पीएचसी, सीएचसी समेत अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में टीबी की जांच के लिए सरकार द्वारा मुफ्त जांच की सुविधा बहाल की गई। जहां कोई भी टीबी के लक्षण वाले व्यक्ति निःशुल्क जांच करा सकते हैं। जांच के साथ निःशुल्क दवाई भी दी जाती, जो जांच सेंटर पर ही उपलब्ध है। इतना ही नहीं, इसके अलावा मरीजों को उचित खान-पान के लिए आर्थिक सहायता राशि भी दी जाती है जिसे निक्षय पोषण योजना कहा जाता है।

उन्होंने बताया कि टीबी उन्मूलन को सफल बनाने के लिए टीबी रोगी खोज अभियान के तहत भी मरीजों को चिह्नित कर उन्हें सरकारी सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। ताकि मरीजों को इन सुविधा का लाभ मिल सके।

**अधिकाधिक नोटिफिकेशन व स्क्रीनिंग जरूरी :** डॉ. कुमार बिज्येंद्र सौरभ ने बताया कि टीबी का समुचित उन्मूलन तभी हो सकेगा, जब उसकी जांच का दायरा बढ़ाया जाए। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने अब एचडब्ल्यूसी स्तर से ही टीबी के लक्षण वाले मरीजों की पहचान के साथ उनके इलाज की निगरानी कराने की तैयारी की है। इसके लिए सभी सीएचओ अपने एचडब्ल्यू अंतर्गत सभी आशा कार्यकताओं के साथ बैठक कर टीबी के लक्षण वाले मरीजों का स्पूटम व जांच सैंपल कलेक्ट कराएं। जिसे टीबी सेंटर लाने की जिम्मेदारी कैरियर मैन की होगी। इस दौरान अभी सीएचओ को यह ध्यान में रखना है कि जांच के लिए सभी लक्षण वाले मरीजों के दो सैंपल लेना है। जिस ट्यूब में सैंपल लिया जायेगा, उसपर मरीज का नाम, एड्रेस और फोन नंबर अनिवार्य रूप से अंकित किया जाए।

उन्होंने कहा कि बीमारी को जड़ से मिटाने के लिए ना केवल खुद जागरूक होने की जरूरत है बल्कि, पूरे समुदाय को भी जागरूक करने की जरूरत है। इसलिए, ना सिर्फ खुद बल्कि आपको अन्य कोई भी टीबी के लक्षण वाले लोग दिखें तो उन्हें तुरंत स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में जांच और इलाज कराने के लिए प्रेरित करें। आवश्यकतानुसार अपने स्तर से जांच व इलाज कराने में सहयोग भी करें। आपकी यही पहल टीबी मुक्त भारत निर्माण और राष्ट्रहित में सबसे बेहतर और सराहनीय कदम होगा।

#### 2025 तक टीबी उन्मूलन का उद्देश्य

- मृत्यु दर में कमी लाना है (32/लाख से 3/लाख लाना है)
- नए मरीजों की संख्या में कमी लाना
- मरीजों की टीबी के इलाज में खर्च को शून्य करना।

#### इन मरीजों में टीबी के संक्रमण की संभावना

- एचआईवी पॉजिटिव मरीज
- कोविड व डायबिटीज के मरीज
- तम्बाकू, धूम्रपान व शराब का सेवन करने वाले
- 60 साल से अधिक उम्र के लोग में
- गर्भवती महिलाएं
- स्तनपान कराने वाली महिलाएं

## कांग्रेसियों ने मनाया पार्टी का 138वां स्थापना दिवस

**केटी न्यूज/आरा**

जिला कांग्रेस कार्यालय, शहीद भवन, आरा में जिलाध्यक्ष त्रिवेणी प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी की 138 वां स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर जिलाध्यक्ष श्री त्रिवेणी प्रसाद सिंह ने पार्टी ध्वज फहराकर स्थापना दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा की देश को अन्ग्रेजी शासन से मुक्ति दिलाने के लिए हमारे महान पूर्वज नेताओ ने 138 वर्ष पूर्व पार्टी की स्थापना किए। पार्टी स्थापना कर कांग्रेस पार्टी के झंडा के नीचे देश के सभी नेता, अन्ग्रेजी दमनकारी नीति के खिलाफ, जेल में रहकर, लाठी गोली खाकर, मृत्यु की सजा पाकर, देश को अजाद कराया, देश और पार्टी के त्याग और बलिदान के कारण, देश के इतिहास मे हमारे पूर्वज नेताओ के नाम और देश के लिए बलिदान स्वर्ण मयी अक्षरों में लिखा गया और लिखा जाता रहेगा। जो स्वर्णमयी कांग्रेस पार्टी का है, वह इतिहास देश का अन्य पार्टी का नहीं है। पहले हमारे पूर्वजों ने गोरे अन्ग्रेजी से लड़कर देश अजाद कराए और आज हमलोगों का कर्तव्य बनता है कि देश को भाजपा शासित महंगाई, बेरोजगारी, रिकार्ड स्तर पर गिरता रूपया, डूबती अर्थव्यवस्था, सरकारी सम्पत्ती को अपने दो प्रिय मित्रो को बेचने के खिलाफ में अंग्रेजों से लड़कर देश और देशकी जनता को इन समस्याओ से मुक्ति दिलाएंगे। स्थापना दिवस समारोह में शिवजी उपाध्याय, पन्नग कुमार त्रिपाठी, फातिमा जरी, अभिमन्यू सिंह मुन्ना पासवान, राहूल पाण्डेय, फजलू रहमान, जंग बहादुर सिंह, जयंत सिंह, देव कुमार सिंह, रामानुज दुबे पप्पू सिंह, अरविन्द सिंह, गोपाल कृष्ण गोखले, सम्पत सिंह, राकेश कुमार पांडेय, उपेन्द्र सिंह, अशोक राम, प्रमोद राय, प्रो. अरूण सिंह, नागेन्द्र मिश्रा, संजय सिंह लुटावन चौरसिया, सुरेन्द्र चौधरी, इत्यादि।

## बकरी चराने के विवाद में दो पक्षों में मारपीट और फायरिंग

**केटी न्यूज/आरा**

- गोली लगने से एक जख्मी, मारपीट में दो भाइयों को गंभीर चोट



अस्पताल में इलाज को पहुंचा जख्मी युवक

भोजपुर के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के खदरा गांव में बुधवार की शाम खेत में बकरी चराने को विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट और फायरिंग हुई गयी। उस दौरान गोली लगने से एक युवक जख्मी हो गया, जबकि मारपीट में भी दो सगे भाई चोटिल हो गए। तीनों घायलों

का इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। कराया जा रहा है। घायलों में बिहिया थाना के नौसेटाड़ बसवरिया गांव निवासी अनुज कुमार शर्मा, ललन सिंह के पुत्र मुकेश कुमार और दिनेश यादव शामिल हैं। इनमें अनुज शर्मा को गोली लगी है। जख्मी अनुज शर्मा ने बताया कि उनके गांव के दिनेश यादव का जगदीशपुर थाना क्षेत्र के खदरा गांव में खेत हैं। उसमें गेहूं की फसल लगी है। खदरा गांव निवासी गौरी यादव की बकरी खेत में लगी गेहूं की फसल खा रही थी। उसे देख दिनेश यादव ने विरोध किया, तो उन लोग के बीच कहासुनी और मारपीट होने लगी। उस बीच वह भी पहुंच गया और दिनेश यादव के पक्ष में झगड़ा का बीच बचाव करने लगा। उसे लेकर गौरी यादव और उसके पक्ष के लोग उनसे भी भिड़ गए। उसी दौरान गौरी यादव के पक्ष के लोगों की ओर से फायरिंग कर दी गयी। उसमें उसे गोली लग गयी। उसके बाद तीनों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। सूचना मिलने पर स्थानीय थाने की पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंचीं और मामले की छानबीन में जुट गई है।

## जहानाबाद की कृति ने यूपीएससी की आईईएस परीक्षा में लाया 17वां रैंक

**केटी न्यूज/जहानाबाद**



मेहनत इतनी खामोशी से करो कि सफलता शोर मचा दे, इस कहावत को चरितार्थ किया है जहानाबाद की बेटी कृति ने जिसने संघ लोक सेवा आयोग की प्रतिष्ठित भारतीय आर्थिक सेवा की परीक्षा में पूरे देश भर में 17 वां रैंक लाकर पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। कृति जहानाबाद के स्टेशन रोड की रहनेवाली है।

कृति बचपन से ही मेधावी छात्रा रही है और उसने बिड़ला बालिका पीठ पिलानी, राजस्थान से 12 वीं करने के बाद मिराडा हाउस दिल्ली विश्वविद्यालय से 2016 में अर्थशास्त्र में स्नातक किया। उसके बाद उसने दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की। जिसके बाद यूपीएससी द्वारा आयोजित भारतीय अर्थशास्त्र सेवा परीक्षा 2022 में उसने देशभर में 17 वां रैंक लाकर अपने परिवार के साथ ही जिले का नाम भी रोशन किया। कृति की माता मंजू चंद्र गृहिणी हैं और पिता विनय कुमार 2010 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। इनका पदस्थापना विकास एवं योजना विभाग में हैं। कृति की सफलता पर परिजनों के साथ-साथ जिले के लोगों ने भी बधाई दी है।

### 162 टीबी मरीजों को उपचार मुहैय्या कराने में अनीसाबाद की आशा ने की मदद

# कटाक्षों को दरकिनार कर दवाओं के सेवन से आशा ने जीती टीबी से जंग

**केटी न्यूज/पटना**

- टीबी मुक्त वाहिनी से जुड़कर समुदाय में जगा रहीं जागरूकता की अलख



आशा कुमारी, टीबी चैंपियन

"अप्रैल 2021 में टीबी के लक्षण नजर आते ही मैंने फुलवारीशरीफ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अपनी जांच करायी जहां मुझे टीबी की पुष्टि हुई। विचलित होने के बजाय मैंने हिम्मत से काम लिया और चिकित्सकों द्वारा दी गयी दवाओं का नियमपूर्वक सेवन करना शुरू किया और अपने खान पान पर भी ध्यान दिया। पूरे छः महीने दवा सेवन के बाद मैंने दुबारा अपनी जांच करायी जहां मुझे स्वस्थ बताया गया और मैं टीबी को मात देकर अब पूरी तरह स्वस्थ हूँ", उक्त बातें पटना के अनीसाबाद की निवासी आशा कुमारी ने बताई। आशा अब एक टीबी चैंपियन के रूप में टीबी मरीजों को समुचित उपचार कराने में मदद कर रही हैं और समुदाय में रोग के प्रति लोगों को जागरूक कर रहीं हैं।

**घर में झेला कटाक्षों का दौर:** आशा ने बताया कि टीबी की पुष्टि होने के बाद जब घर में उन्होंने दवा सेवन शुरू किया और अपने दैनिक कार्यों में कटौती की तो उनके ससुराल पक्ष से उन्हें कटाक्षों का सामना करना पड़ा। उन्हें घर में सुनाया गया कि घर की बहु होकर सिर्फ दवा खाना और आराम करना उसे शोभा नहीं देता। उसे घर के उपवास एवं पूजा पाठ में ध्यान देना चाहिए और पूजा से कोई भी रोग ठीक हो जायेगा। आशा ने बताया कि उन्होंने इन बातों को अनसुना किया और नियमित दवा का सेवन किया। मानसिक रूप से परेशान आशा ने दो महीनो के बाद अपने मायके का रुख किया और वहीं रहकर स्वास्थ्य लाभ किया। टीबी को मात देकर और पूरी तरह स्वस्थ होकर आशा वापस अपने ससुराल आ गयी और अपनी जिंदगी पुराने तरीके से दुबारा शुरू की।

**दादाजी ने बढ़ाया मनोबल:** आशा बताती हैं कि "मायके में मेरे दादाजी ने मेरा मनोबल बढ़ाया। वह पेशे से चिकित्सक हैं और उन्होंने मुझे बताया कि टीबी से घबराने की जरुरत नहीं है। दवा के नियमानुसार सेवन करना और पौष्टिक आहार के सेवन रोग को मात देने का मूलमंत्र है। उनके बातों से मेरी हिम्मत और बढ़ी और नियमित दवा सेवन के साथ मैंने ज्यादा से ज्यादा पौष्टिक तत्वों को अपने दैनिक आहार में शामिल किया। चिकित्सकों ने मुझे टीबी की दवा के अलावा विटामिन की गोलियां भी खाने को दी थी और इनका भी मैंने नियमपूर्वक सेवन किया।

162 टीबी मरीजों को उपचार मुहैय्या कराने में की मददः आशा सितंबर 2022 से टीबी मुक्त वाहिनी की सदस्य हैं और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना में वह टीबी मरीजों को ससमय चिकित्सीय सुविधा पहुंचाने में मदद करती हैं। मरीजों से विनम्रतापूर्वक बात करना, उन्हें चिकित्सीय सलाह एवं दवाएं ससमय उपलब्ध करवाना तथा उनका फॉलोअप करना उनके दिनचर्या का हिस्सा बन चुका है। टीबी चैंपियन के रूप में कार्य करते हुए आशा ने अभी तक 162 टीबी मरीजों की मदद की है। आशा मानती हैं कि जागरूकता से ही टीबी उन्मूलन का सपना साकार किया जा सकता है। मैंने महसूस किया है कि जितने भी टीबी मरीज से मैं मिलती हूं वह सभी कमजोर प्रतिरोधक क्षमता से ग्रसित होते हैं। एक टीबी चैंपियन एवं सरवाईवर होने के कारण मैंने यह जाना है कि एक स्वस्थ शरीर किसी भी रोग को मात देने में सबसे अहम् भूमिका निभाता है।

## खबरें फटाफट

### चोरी से बिजली जलाने वालों पर एफआईआर

**चौगाई।** बिजली कंपनी की टीम ने मुरार व कोरानसराय थाना क्षेत्र के एक-एक उपभोक्ता पर चोरी से बिजली जलाने के आरोप में जुमार्ना लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराया है। मिली जानकारी के अनुसार कंपनी की टीम ने मुरार थाना क्षेत्र के चौगाई निवासी विजय कुमार यादव पर चोरी की बिजली से औद्योगिक प्रतिष्ठान चलाने के रूप में चिन्हित करते हुए 2 लाख 35 हजार 498 रूपए तथा कोरानसराय थाना क्षेत्र के मुखिया डेरा निवासी जनार्दन सिंह पर टोका फंसा बिजली जलाने के आरोप में 27 हजार 545 रूपए का जुमार्ना लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। एफआईआर चौगाई जेई शैलेश कुमार के लिखित आवेदन पर किया गया है।

### शॉर्ट सर्किट से खलिहान में लगी आग

**केसठ।** प्रखंड के पोखरा टोला में एक खलिहान में बिजली के तारों के शॉर्ट सर्किट के कारण एक खलिहान में आग लग गई। आगलगी की इस घटना में खलिहान में रखे तीन किसानों के पांच बीघे की धान व पुआल जल गए है। खलिहान से आग की लपटे उठता देख स्थानीय समाजसेवी सह जदयू नेता राजीव सिंह उर्फ सोनू तथा गोलू सिंह के साथ अन्य ग्रामीणों ने पहले आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लेकिन आग और विकराल होते गई। इसके बाद तत्काल इसकी सूचना फायर बिग्रेड को दी गई। मौके पर पहुंची अग्निशामक वाहन ने आग पर काबू पाया। शॉर्ट सर्किट से निकलने वाली चिंगारी से खलिहान में आग लग गया था। जिसमें किसान मुकेश यादव, लाला यादव और मुन्ना यादव के लगभग 5 बीघा का धान और पुआल जल कर राख हो गया। धान और पुआल जलने से पीड़ित किसानों के सामने पशुओं के चारे के साथ ही खाद्यान्न की किल्लत भी हो गई है।

### रेल परिचालन को लेकर समिति करेगी आंदोलन

**बक्सर।** रेलयात्री कल्याण समिति के राष्ट्रीय महामंत्री कृष्ण बिहारी चौबे ने रेल भवन दिल्ली के ई डी कोचिंग देवेन्द्र कुमार से मिलकर गाड़ी संख्या 03277 दानापुर-रघुनाथपुर मेमू ट्रेन को बक्सर तक स्थायी रूप से बढाने, समय निर्धारित करने और टिकट की अनुमति दिलाने के लिए आवेदन दिया, साथ ही गाड़ी संख्या 03650 वाराणसी रघुनाथपुर मेमू ट्रेन को बाबा विश्वनाथ कीइ नगरी वाराणसी से रघुनाथपुर तक तक बढ़ाने की मांग की है। ईडी कोचिंग ने साकारात्मक आश्वासन देते हुए रेलयात्री कल्याण समिति के दोनों मांगो को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुधीर कुमार सिंह ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि रेलयात्री कल्याण समिति रेलयात्रियों की मुलभुत सुविधाओं की बहाली के लिए कृतसंकल्पित है। सुविधाओं की बहाली नहीं होने पर नये साल में लोकतांत्रिक तरीके से चरणबद्ध आंदोलन किया जायेगा।

# जिले के 23 थानों में 85 शराब तस्करों की बनाई गई सूची, जब्त होगी संपत्तिः एसपी

**रजनीकांत दूबे/ बक्सर**

- सभी थानाध्यक्षों को 20 दिनों में पूरा करने का दिया गया निर्देश
- सीओ से उनके जमीन व मकान की बारे में जानकारी उपलब्ध कराने के लिए लिखा पत्र

पुलिस प्रशासन पूर्ण शराबबंदी कानून को पूरी सख्ती से लागू करने में किसी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त करने के मूड में नहीं है। शराब की तस्करी में शामिल राज्य या राज्य के बाहर के तमाम सरगना या माफियाओं को गिरफ्तार करने और उनकी अवैध संपत्ति को जब्त करने की कवायद शुरू कर दी गयी है। जिसके तहत बक्सर एसपी नीरज कुमार सिंह ने केशव टाइम्स से विशेष बातचीत में बताया कि जिले के 23 थानों के अर्न्तगत 85 शराब तस्करों की संपत्ति जब्त होगी। इन्हें चिह्नित किया गया है। इन तस्करों की संपत्ति जब्त करने के लिए प्रशासन कागजी औपचारिकता पूरी करने में जुटी हुई है। एसपी ने बताया कि अनुसार दो या दो से अधिक बार शराब की तस्करी व बेचने का धंधा करने वाले तस्करों की सूची बनाई गई है।

**ईट भट्ठा से लेकर सरकारी स्कूलों को शराब डंपिग के लिए किया जा रहा इस्तेमाल :** एसपी नीरज कुमार सिंह जिले में उत्पाद व जिला पुलिस की तमाम कार्रवाई के बावजूद शराब की तस्करी का धंधा थमने का नाम नहीं ले रहा है। स्थिति यह है कि हर रोज जिले में शराब की बड़ी खेप पहुंच रही है। कई बार पुलिस पकड़ने में कामयाब हो रही तो कई बार असफल भी मिलती है। शराब माफिया ईंट-भट्ठों से लेकर खेत-खलिहान व स्कूलों के भवनों में तस्करी की शराब को स्टॉक कर रहे हैं। पिछले छह माह के अंदर दस स्थानों पर शराब चुलाई से शराब बनाने के धंधे का भी खुलासा हुआ है। अब शराब तस्करों पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर सख्ती शुरू की गई है।


थाने में रखी हुई जब्त शराब (फाइल फोटो)

**शराब डंपिग में इस्तेमाल खेत व मकान होगें निलाम :** एसपी नीरज कुमार सिंह सिंह ने केशव टाइम्स से बातचीत में कहा कि शराब तस्करों द्वारा शराब डंपिग में किए गए खेत, जमीन, मकान, वाहन की निलामी की जाएगी। इसकी कागजी प्रक्रिया लगभग पुरी कर ली गई है। इसके अलावे शराब तस्करों के बैंक खाते, उनके पत्नी, बेटे, मां के नाम लिए गए जीमन को भी सीज किया जाएगा। इसके आलावे दुसरे राज्यों में बनाई गई संपति को जब्त करने के लिए राज्य की आर्थिक अपराध इकाई (इओयू) व ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) को दिया जाएगा।

**राज्य के बाहर के इन मुख्य सरगनाओं की भी तैयार की गई है सूची :** एसपी नीरज कुमार सिंह ने बताया राज्य में सप्लाई के मुख्य नेटवर्क को तोड़ने के लिए बाहर बैठे तस्करों को पकड़ना और इनकी अवैध संपत्ति को जब्त करना बेहद जरूरी है। जिसके तहत यह कार्रवाई शुरू की गयी है। राज्य के बाहर के इन मुख्य सरगनाओं तक पुलिस गिरफ्तार हुए इनके एजेंटों के जरिये पहुंची। इनके गुर्गों से यह भी पता चला कि ये अवैध तस्करी कैसे करते हैं। जिस इलाके में ये अपने एजेंट के जरिये शराब तस्करी करते है। उन्हीं संबंधित थानों में इनके खिलाफ मामले दर्ज किये गये हैं। अब इनकी राज्य में मौजूदा और बाहर की सभी अवैध संपत्ति को जब्त करने से संबंधित प्रस्ताव ईओयू को भेजने तैयारी चल रही है।

### संपत्ति जब्ती के लिए भेजा गया प्रस्ताव



तस्करों की संपत्ति जब्त करने के लिए पटना मुख्यालय ने आदेश दिया है। अनुमंडल में पूर्ण शराबबंदी के बाद तस्करी कर संपति अर्जित करने वाले एक माफिया की संपत्ति का ब्यौरा चिह्नित कर भेज दिया गया है। जबकि इन 85 शराब तस्करों की संपत्ति का ब्यौरा खंघाला जा रहा है। जल्द ही रिपोर्ट तैयार कर ली जाएगी। जिसके बाद कार्रवाई शुरू की जाएगी।

*- नीरज कुमार सिंह, एसपी, बक्सर*

## बक्सर स्टेशन स्थित होटल अनीता, होटल पैराडाइज और वैष्णवी होटल में चल रहा था खेल

# बक्सर में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ : तीन होटलों के अलग-अलग कमरों में मिले 21 जोड़े

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर पुलिस ने बुधवार को शहर के तीन होटलों में चल रहे सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है। हालांकि पुलिस को यह सफलता नए साल के पहले शराब की खोज के दौरान मिली है। पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने सोमवार को रेलवे स्टेशन के आस पास तथा शहर के विभिन्न हिस्सों में संचालित होटलों में अचानक छापेमारी की। इस दौरान शराब व मादक पदार्थों की जगह कुल तीन होटलों से आपत्तिजनक अवस्था में 21 जोड़े पकड़े गए। इन्हें पकड़ने के बाद पुलिस हिरासत में ले पूछताछ कर रही है।

हालांकि, प्रशासन द्वारा अभी इस संबंध में विशेष जानकारी नहीं दी जा रही है। लेकिन सूत्रों की मानें तो इस छापेमारी के बाद बक्सर में बड़े सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ की बात सामने आ रही है। पुलिस हिरासत में लिए गए अधिकतर जोड़े प्रेमी और प्रेमिका बताए जा रहे हैं। प्रशासन और पुलिस की यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई है। प्रशासन को ऐसी सूचना मिली थी कि इन होटलों में सेक्स रैकेट चल रहा है। जिसके बाद बक्सर एसडीओ धीरेंद्र कुमार मिश्र के नेतृत्व में पुलिस ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान होटल अनीता, होटल पैराडाइज इन तथा वैष्णवी होटल के अलग-अलग कमरों से आपत्तिजनक हालत में युवक युवतियों को पकड़ा गया है। तीनों होटलों के अलग-अलग कमरों में कई युवक-युवतियों के आपत्तिजनक हालत में मिलने की बात पुलिस सूत्रों ने बताई है। पकड़े गए युवक तथा युवतियों को पुलिस हिरासत में लिया और फिर पूछताछ के लिए थाने लेकर चली गई। छापेमारी दल में मुख्यालय डीएसपी इम्तियाज अहमद, सदर एसडीपीओ गोरख राम के साथ ही नगर थाना, महिला एवं अनुसूचित जाति जनजाति थाना की पुलिस शामिल थी।


होटल से युवक युवतियों के हिरासत में लेकर बाहर लाते पुलिस कर्मी


कैदी वाहन में युवक युवतियों को लेकर जाते पुलिस कर्मी

- शराब की तलाश में छापेमारी करने निकली पुलिस को मिली सफलता
- पकड़े गए युवक-युवतियों को पुलिस ने हिरासत में लेते हुए पूछताछ के लिए थाने ले आई
- पूरे दिन होटलों में छापेमारी करती रही पुलिस व प्रशासन की संयुक्त टीम, मचा हड़कंप

### सुरक्षा व्यवस्था के लिए खतरनाक हैं ऐसे होटल

जिन होटलों से आपत्तिजनक अवस्था में युवक और युवतियां पकड़े गए है वे शहर सहित जिलेभर की सुरक्षा व्यवस्था के लिए काफी खतरनाक हो सकते है। जानकारों की मानें तो अधिकांश होटल संचालकों द्वारा न तो आगंतुकों की पूरी जानकारी ली जा रही है और न ही प्रति दिन उसे पुलिस के साथ ही साझा किया जा रहा है। जबकि होटल मैनुअल में ऐसी बाते है कि आगंतुकों का ठोस पहचान पत्र तथा ठहरने के उदेश्य की जानकारी लेने के बाद ही उन्हें कमरा दिया जाएगा। वही इसकी जानकारी पुलिस को भी हर दिन देनी है। लेकिन बक्सर के होटल संचालक ऐसा नहीं कर रहे है। सूत्रों की मानें तो इससे देह व्यापार के साथ ही मादक पदार्थों के तस्करों को भी आसानी से सर छिपाने की जगह मिल जा रही है।

*गुप्त सूचना मिली थी कि विभिन्न होटलों में शराब की खेप स्टाक की गई है तथा सेक्स रैकेट भी चल रहा है। इसी सूचना के आलोक में एक टीम गठित कर छापेमारी कराई गई। इसमें पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। ऐसा माना जा रहा है कि यहां सेक्स रैकेट चल रहा था। फिलहाल सभी से पूछताछ की जा रही है। उसके बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकती है।*

***धीरेन्द्र मिश्र**, एसडीओ, बक्सर*

### डुमरांव के होटलों में भी फल-फूल रहा जिस्मफिरोशी का धंधा

**डुमरांव।** डुमरांव में कई जगहों पर देह व्यापार का धंधा बड़ी तेजी से फल फूल रहा है। प्रशासन की उदासीनता का लाभ उठा कुछ लोग कई जगहों पर किराए के मकान में यह धंधा संचालित कर रहे हैं। शहर के होटल और लॉज इस धंधे के लिए पहले से बदनाम हैं। कुछ वर्ष पूर्व स्टेशन के पास स्थित एक होटल में पुलिस द्वारा की गई छापेमारी में कमरे से आपत्तिजनक हालत में आधा दर्जन से अधिक युवक-युवतियां पकड़े गए थे। शहर के बीच बाजार का एक लॉज इस धंधे के संचालन के लिए बदनाम है। उस लॉज में देह व्यापार का धंधा संचालन में पुलिस की मौन स्वीकृति की बात बड़ी आसानी से की जाती है। पिछले लंबे समय से स्थानीय प्रशासन ने शहर में संचालित जिस्मफरोशी के धंधे के तरफ ध्यान नहीं दिया। वर्तमान समय में शहर में स्टेशन से लेकर बाजार तक ऐसे एक दर्जन अड्डे हैं जहां सेक्स रैकेट संचालित हो रहा है। पूर्वी रेलवे क्रॉसिंग के पास एक मैरिज हॉल में देह व्यापार के अड्डे का संचालन इन दिनों सुर्खियों में है। जबकि स्टेशन इलाके में होटल लॉज के अलावे किराए के मकान में ऐसे गलत धंधे का संचालन होने की चर्चा आम बात है। बताया जाता है कि ट्रेन की सुविधा होने के चलते अड्डा संचालित करने वाले लोगों का पुलिस से मधुर संबंध के चलते इस मामले में डुमरांव पुलिस की भूमिका संदेह के दायरे में है। वैसे भी पुलिस गलती से भी ऐसे अड्डे पर शक के आधार पर भी छापेमारी नहीं करती है। बताया जाता है कि अगर पुलिस द्वारा चिन्हित जहां पर छापेमारी तथा सघन तलाशी ली गई तो बक्सर से अधिक सेक्स रैकेट के ठिकाने डुमरांव शहर में मिलेंगे।

## एक नजर

### सुमित्रा कॉलेज में आज होगा खेल महोत्सव का समापन, छात्राओं ने कई खेलों में दिखाई प्रतिभा



**डुमरांव।** स्थानीय सुमित्रा महिला कॉलेज में चल रहे वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के तीसरे दिन भी कई खेलों का आयोजन किया गया। विभिन्न खेलों के फाइनल दौर में छात्राओं का जलवा बना रहा। खेल महोत्सव का समापन गुरुवार को होगा, जिसमें डीएम अमन समीर और एसपी नीरज कुमार शिरकत करेंगे। फाइनल गेम का उद्घाटन प्राचार्या डॉ शोभा सिंह ने किया. इस दौरान उन्होंने महिला खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि खेल से प्रतिभा निखरती है। छात्राओं के अंदर छिपी प्रतिभा को तेज धार देने के लिए कॉलेज में ऐसे आयोजन निर्धारित किये जाते है। इस कार्यक्रम का संचालन आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर श्रीकांत सिंह और वरीय सदस्य डॉ सुभाष चंद्रशेखर ने किया। इस दौरान फाइनल खेलों में छात्राओं ने अपना परचम लहराया। हाई जंप में कुसुम सिंह प्रथम, नेहा कुमारी द्वितीय और काजल कुमारी तीसरे स्थान पर रही. लॉन्ग जंप में नेहा कुमारी प्रथम, स्वाति कुमारी द्वितीय और ममता कुमारी तीसरे स्थान पर रही. इसी तरह बैडमिंटन के फाइनल गेम में 21 स्कोर बनाते हुए ए ग्रुप के नीतू कुमारी और शांति कुमारी विजयी रही जबकि ग्रुप बी में अनन्या और सलोनी दूसरे पायदान पर रही। शतरंज प्रतियोगिता में राधा कुमारी प्रथम और प्रीति कुमारी दूसरे स्थान पर रही। कैरम प्रतियोगिता भी काफी रोमांचक रहा। इस प्रतियोगिता के फाइनल राउंड में नेहा कुमारी और सिमरन प्रथम रही जबकि द्वितीय स्थान पर नंदनी कुमारी और चंचल कुमारी रही। निर्णायक मंडल में प्रो उषा रानी, प्रो अनिता, प्रो मीरा कुमारी, प्रो अर्चना, प्रो सुरेशचंद्र त्रिपाठी, प्रो मनोज कुमार, प्रो मिथिलेश सिंह, प्रो प्रमोद सिंह, चीकू सिंह, पवन कुमार सिंह, राजेन्द्र सिंह सहित अन्य शामिल थे।

### शिकायत के बाद अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की देखरेख में बांटी गई यूरिया



**केसठ।** प्रखंड के स्थानीय नया बाजार स्थित गुप्ता खाद भंडार केसठ में बुधवार को जनप्रतिनिधियों व कृषि विभाग के कर्मियों के देखरेख में किसानों के बीच सरकारी निर्धारित दर पर किसानों के बीच यूरिया खाद का वितरण किया गया। ज्ञात हो कि प्रखंड के विभिन्न गांवों के किसानों ने प्रखंड प्रमुख मुन्ना सिंह व कृषि विभाग के अधिकारियों से बाजार में कालाबजारी कर सरकारी निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर यूरिया की बिक्री करने की शिकायत की थी। जिसके बाद बुधवार को प्रखंड प्रमुख मुन्ना सिंह, उप प्रमुख अमरेन्द्र कुमार उर्फ मंटू, कृषि समन्वयक हरिश्चन्द्र पासवान, किसान सलाहकार अमरेन्द्र कुमार के देखरेख में बुधवार को गुप्ता खाद भंडार में सरकारी निर्धारित दर 266 रुपये पर किसानों के बीच यूरिया वितरण किया गया। वही मीडिया को जानकारी देते हुए कृषि समन्वयक ने बताया की विभाग की तरफ से पूरी कोशिश है कि किसानों को खाद की किल्लत ना हो और उन्हें सरकारी दर पर ही खाद मिले। निर्धारित दर से अधिक अगर कोई भी दुकानदार खाद का बिक्री करता है तो उस पर उचित कार्रवाई की जाएगी। वही प्रखंड प्रमुख और उप प्रमुख ने कहा कि आए दिन किसानों को यूरिया की किल्लत को झेलना पड़ता है। आए दिन यूरिया के दर पर किसानों द्वारा शिकायत मिलती है।

### कांग्रेस की स्थापना दिवस पर पार्टी सदस्यों ने जिला कार्यालय में किया झंडोत्तोलन



**बक्सर।** जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता बजरंगी मिश्रा के द्वारा बक्सर जिला कांग्रेस कार्यालय में झंडोत्तोलन कर कांग्रेस पार्टी का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। वही बक्सर जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष तथागत हर्षवर्धन ने अपने दूरभाष संदेश में कहा कि कांग्रेस एक पार्टी नहीं एक विचारधारा है। आगे उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के हर एक नेता एवं कार्यकर्ता कांग्रेस के विचारधारा को लेकर के इस देश के लोकतंत्र को बचाने में अहम भूमिका निभाते हैं तथा निभाते रहेंगे। पार्टी के स्थापना दिवस के झंडोत्तोलन में शामिल पूर्व विधायक श्रीकांत पाठक, महिला अध्यक्षा साधना पांडेय, अमरनाथ ओझा, चौसा प्रखंड अध्यक्ष राजारमन पांडेय, लल्लन मिश्रा, संजय पांडेय, करुणानिधि दुबे, कमल पाठक, राम प्रसाद द्विवेदी, चंदा देवी, महिमा शंकर उपाध्याय, रामाकांत चौबे, सर्वेश पाठक, जिंदा जवाहरलाल, यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रभात कुमार, दीपक राय, अभिमन्यु मिश्रा, संजय सिंह, स्वयं प्रकाश चौबे समेत अन्य जन शामिल रहे।

## कृषि विभाग, बक्सर व कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण की ओर से केसठ में किसान गोष्ठी सह प्रशिक्षण का आयोजन

# किसानों ने कम लागत में अच्छा उत्पादन के सीखे गुर

**केटी न्यूज/केसठ**

- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के विभिन्न पहलुओं की दी गई जानकारी
- किसानों को गेहूं में लगने वाले विभिन्न प्रकार की बीमारियों एवं कीट से बचाव के बारे में दी गई जानकारी
- किसानों ने मौसम की मार से फसलों को बचाने संबंधित कई प्रश्न पूछे

कृषि विभाग, बक्सर व कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण आत्मा बक्सर के तत्वावधान में बुधवार को केसठ ई किसान भवन परिसर में किसान गोष्ठी सह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष सत्येंद्र दुबे उर्फ भूलन दुबे तथा संचालन प्रखंड कृषि समन्वयक हरीश चंद्र पासवान ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन वीर कुंवर सिंह कृषि महाविद्यालय डुमरांव के डॉ वीरेंद्र सिंह, डॉक्टर सुबोध, पंचायत के मुखिया अरविंद कुमार यादव उर्फ गामा पहलवान, प्रखंड कृषि समन्वयक हरिश्चंद्र पासवान, प्रभारी बीटीएम डॉ प्रफुल्ल कुमार, किसान सलाहकार अमरेंद्र प्रसाद, रितेश कुमार, विजय कुमार आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में मौजूद किसानों को अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग से संचालित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी गई। कृषि कॉलेज से आए कृषि वैज्ञानिकों द्वारा कई पहलुओं पर किसानों को संबोधित किया गया। किसानों को गेहूं में लगने वाले विभिन्न प्रकार की बीमारियों एवं कीट के बारे में विस्तार से जानकारी तथा इससे बचाव के उपाय बताए गए। जबकि वैज्ञानिक तरीके से बागवानी करने की जानकारी भी इस किसान गोष्ठी में बड़े ही रोचक तरीके से दी गई।



इसके अलावा उपस्थित अधिकारियों द्वारा आत्मा से संबंधित विभिन्न प्रकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान प्रशिक्षण, परिभ्रमण, किसान पाठशाला, किसान गोष्ठी, कृषक हितार्थ समूह, खाद्य सुरक्षा समूह सहित अन्य विभिन्न योजनाओं की विस्तृत रूप से जानकारियां दी गई। दलहन एवं तेलहन पौधों पर लगने वाले कीट के उऱपचार पर भी चर्चा की गई। किसानों के बीच कम लागत में कैसे अच्छी फसल होगी तथा किस तरह से योजनाओं का लाभ ले सकते हैं आदि के बारे में विस्तृत रूप से जानकारियां दी गई।

गोष्ठी के दौरान किसानों ने भी रबी फसलों के कीट प्रबंधन तथा मौसम की मार से फसलों को बचाने संबंधित कई प्रश्न पूछे जिसका समुचित जबाव संबंधित कृषि वैज्ञानिकों द्वारा दिया गया। इस किसान गोष्ठी के आयोजन से किसानों में खुशी देखी गई तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रिय किसान इसमें शामिल हुए तथा कृषि वैज्ञानिकों व पदाधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी को ध्यान से सुना।

## छोटी खबरें

### सड़क दुर्घटना में तीन जख्मी

**बलिया।** जनपद के बैरिया-रेवती मार्ग पर बुधवार की शाम दया छपरा से रेवती जा रहे बाइक पर सवार तीन लोग सड़क दुर्घटना में जख्मी हो गया। ट्रैक्टर से टकराने के बाद बाइक असंतुलित होकर सड़क के किनारे के खड्डे में जा गिरी। स्थानीय लोगों ने बाइक सवार तीनों घायलों को उठाकर इलाज के लिए सीएचसी सोनबरसा पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने तीनों का उपचार किया। घायलों में से एक युवक को चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। बताया जाता है कि रेवती कस्बा के निवासी दीनानाथ साहनी, मोहन प्रसाद व सरोज प्रसाद अपनी रिश्तेदारी प्रसाद छपरा से बाइक से अपने घर वापस रेवती लौट रहे थे। इस दौरान गंगा पाण्डेय के टोला से मिट्टी लदे ट्रैक्टर रेवती की ओर जा रहा था। जिससे साइड लेने के प्रयास में बाइक ट्रैक्टर से टकराकर असंतुलित होकर सड़क के किनारे के खड्ड में जा गिरी। जिससे तीन बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए।

### फाइनेंस कंपनी के मैनेजर से लूट

**मऊ।** मोहम्मदाबाद मऊ मार्ग स्थित सोहराबपुर के पास मंगलवार देरशाम एक फाइनेंस कंपनी के मैनेजर से छिनतई की बात सामने आ रही है। घटना तक की है, जब वो बाइक से मऊ की तरफ जा रहे थे। तभी दो बाइक पर सवार वार बदमाशों ने उनको ओवरटेक करके रोका। उसके बाद लूटेरों ने उनसे बैग छीन और फरार हो गए। जिसके बाद पीड़ित ने फोन कर मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित से पूछताछ की। फाइनेंस कंपनी के मैनेजर संगम ने पुलिस को बताया कि बदमाशों ने उससे बैग लूट लिया। जिसें 44 हजार रुपए नगद और टेबलेट रखा हुआ था। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाल शैलेश सिंह ने प्राथमिकी दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी है।

### प्लास्टिक उपयोग के खिलाफ अभियान

**मऊ।** शासन के निर्देश पर कस्बे समेत ग्रामीण क्षेत्रों में कहीं भी प्लास्टिक दुकानों पर नहीं बिकनी चाहिए। जिसको लेकर बुधवार को स्थानीय नगर पंचायत के कर्मचारियों द्वारा लगभग तीन दर्जन दुकानों को जांच की इस दौरान 4 किलो प्लास्टिक को जप्त करते हुए जुमार्ने के रूप में 5700 रुपए वसूला गया। नगर पंचायत के कर्मियों ने दुकानदारों को सचेत किया कि अगर प्लास्टिक में कोई भी सामान बिकते हुए पाया गया तो कठोर कार्रवाई की जाएगी इस मौके पर गुंजन श्रीवास्तव मोहम्मद शाहिद महेंद्र चौहान कल्पनाथ राम सुमंत यादव आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

# फाइलेरिया उन्मूलन के लिए जिले में 10 फरवरी से शुरू होगा मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन

- एमडीए कार्यक्रम के तहत घर-घर जाकर खिलायी जायेगी फाइलेरिया से बचाने की दवा
- स्वास्थ्य कर्मी अपने सामने खिलाएंगे फाइलेरिया की दवा

**केटी न्यूज/बलिया**

जिले में 10 फरवरी से 27 फरवरी तक फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम शुरू हो रहा है। इस अभियान के अन्तर्गत सभी वर्गों के लाभार्थियों को फाइलेरिया से सुरक्षित रखने के लिए डी.ई.सी और एल्बेंडाजोल की निर्धारित खुराक घर-घर जाकर स्वास्थ्य कर्मी अपने सामने खिलायेंगे एवं किसी भी स्थिति में दवा का वितरण नहीं किया जाएगा। इस अभियान को सहयोगी संस्थाओं सीफार, डब्ल्यूएचओ, पाथ, पीसीआई के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सफल बनाया जाएगा। यह जानकारी जिला मलेरिया अधिकारी सुनील कुमार यादव ने दी।


सुनील कुमार यादव, मलेरिया अधिकारी

डीएमओ ने बताया कि जनपद में अब तक कुल फाइलेरिया के 1699 मरीज हैं। इन मरीजों में हाइड्रोसील के 277 और लिम्फोडीमा के 1422 मरीज हैं। जिसमें हाइड्रोसील के 277 मरीजों में से 80 मरीजों का सफल ऑपरेशन हो चुका है। लिम्फोडीमा के 1422 मरीजों में से 1186 मरीजों में एमएमडीपी किट का वितरण हो चुका है।

उन्होंने बताया कि दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और अति गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को ये दवाएं नहीं खिलाई जाएगी। साथ ही रक्तचाप,शुगर, अर्थराइटिस या अन्य सामान्य रोगों से ग्रसित व्यक्तियों को भी ये दवायें खानी है। सामान्य लोगों को इन दवाओं के खाने से किसी भी प्रकार के दुष्प्रभाव नहीं होते हैं। अगर किसी को दवा खाने के बाद उल्टी, चक्कर, खुजली या जी मिचलाने जैसे लक्षण होते हैं तो यह इस बात का प्रतीक है कि उस व्यक्ति के शरीर में फाइलेरिया के कीटाणु मौजूद हैं, जो की दवा खाने के बाद कीटाणुओं के मरने के कारण उत्पन्न होते हैं। उन्होंने बताया कि साल में केवल एक बार फाइलेरिया रोधी दवा खाने से फाइलेरिया के संक्रमण से बचा जा सकता है।

जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि इस बीमारी से हाथ, पैर, स्तन और अंडकोष में सूजन पैदा हो जाती है। सूजन के कारण फाइलेरिया प्रभावित अंग भारी हो जाता है और दिव्यांगता जैसी स्थिति बन जाती है। प्रभावित व्यक्ति का जीवन अत्यंत कष्टदायक एवं कठिन हो जाता है,यह एक लाइलाज बीमारी है।

उन्होंने बताया कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से होने वाला एक संक्रामक रोग है जिसे सामान्यतः हाथीपाँव के नाम से भी जाना जाता है। पेशाब में सफेद रंग के द्रव्य का जाना जिसे कईलूरिया भी कहते हैं जो फाइलेरिया का ही एक लक्षण है। इसके प्रभाव से पैरों व हाथों में सूजन, पुरुषों में हाइड्रोसील (अंडकोष में सूजन) और महिलाओं में ब्रेस्ट में सूजन की समस्या आती है।

### पिछले अभियान की उपलब्धि

जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया की पिछले वर्ष 2021 मे इस अभियान (एमडीए) में जिले की कुल जनसंख्या 3359474 थी। एमडीए के तहत जनपद की लक्षित जनसंख्या 2879845 थी। 22 नवम्बर से 7 दिसंबर 2021 तक एमडीए अभियान चला। इस अभियान के तहत 2422683 लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलाई गयी। मॉपअप राउंड 13 दिसंबर से 18 दिसंबर 2021 तक चला। अभियान में कुल 2480898 लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलाई गयी जो लक्षित जनसंख्या का 86.15 प्रतिशत थी। वहीं, मॉपअप राउंड के दौरान 58215 लोगों की दवा खिलाई गयी,

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने योजनाओं की ली जानकारी

# डीएम ने एमओआईसी की कम प्रगति पर नाराजगी जताई, 13 से मांगा स्पष्टीकरण

- जिलाधिकारी ने दी चेतावनी, योजनाओं की प्रगति में तेजी लाने का दिया निर्देश
- लाभुकों को समय पर राशि का भुगतान करने की दी नसिहत

**केटी न्यूज/गाजीपुर**


अधिकारियों के साथ बैठक करती डीएम व अन्य

जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में मंगलवार की देर शाम जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक रायफल क्लब सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जननी सुरक्षा योजना कार्यक्रम के अन्तर्गत महिलाओं को निःशुल्क भोजन, स्वयं सहायता समूह के माध्यम से दिए जाने तथा दवा एवं ड्रॉप बैंक की सुविधा के साथ-साथ 48 घंटे रोके जाने के दिए गए निर्देश पर देवकली, मिजार्पुर, मनिहारी, सुभारखपुर, बिरनो, करंडा, गोडउर, कासिमाबाद एवं मरदह के एमओआईसी के द्वारा कम प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्टिकरण का निर्देश दिया। साथ ही, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना में सदर, बिरनो, रेवतीपुर एवं सादात एमओआईसी के कम प्रगति पर उन्हें चेतावनी एवं स्पष्टीकरण का निर्देश दिया।

बैठक में जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना, जेएसवाई के भुगतान, मातृत्व मृत्यु दर की समीक्षा, परिवार कल्याण कार्यक्रम, टीकाकरण 108/102 एम्बुलेंस की उपलब्धता, आशा /जेएसवाई भुगतान, क्षय रोग नियंत्रण, कुष्ठ उन्मूलन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आयुष्मान कार्ड, जन्म-मृत्यु पंजीयन एवं अन्य बिन्दुओं पर विस्तपूर्वक समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान उन्होंने जननी सुरक्षा योजनान्तर्गत गर्भवती महिलाओं के संस्थागत प्रसव के संबंध में जानकारी लेते हुए इस कार्यक्रम के अन्तर्गत महिलाओं को निःशुल्क भोजन, स्वयं सहायता समुह के माध्यम से दिए जाने तथा दवा एवं ड्रॉप बैंक की सुविधा के साथ-साथ 48 घंटे रोके जाने के दिए गए निर्देश के बावजूद भी देवकली, मिजार्पुर, मनिहारी, सुभारखपुर, बिरनो, करंडा , गोडउर, कासिमाबाद एंव मरदह के एमओआईसी के द्वारा कम प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्हें स्पष्टिकरण का निर्देश दिया तथा प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना में कम प्रगति परे सदर, बिरनो, रेवतीपुर एवं सादात एमओआईसी को चेतावनी एवं स्पष्टिकरण का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने प्रसव उपरान्त लाभार्थियों/आशाओं को दिए जाने वाले जेएसवाई के भुगतान के संबंध में शत-प्रतिशत भुगतान का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिन-जिन स्वास्थ्य केंद्रों पर जेएसवाई भुगतान पेंडिंग है, उसका तत्काल निस्तारण करवाते हुए भुगतान की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आरोग्य योजनान्तर्गत जनपद में बनाए गए गोल्डेन कार्ड की जानकारी ली तथा प्रत्येक पात्र लाभार्थी परिवार का शत-प्रतिशत गोल्डेन कार्ड जारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र परिवार आयुष्मान कार्ड से वंचित न रहे।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा कोविड-19 के दृष्टिगत चिकित्सालयों में कोविड वार्ड, एचडीयूवार्ड, आईसीयू वार्ड, आईसोलेशन वार्ड तथा ऑक्सीजन संचालन के लिए पाइपलाइन व्यवस्था की जानकारी ली। साथ ही जहां-जहां आक्सीनज पाइप लाइन की समस्या है, वहां टेंडर कर कार्य प्रारम्भ कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कोविड टेस्टिंग पर जोर देते हुए जनपद में अधिक से अधिक कोविड जांच कराने के साथ रेलवे स्टेशन, बस स्टेशनों पर एक टीम के माध्यम से दूसरे राज्यों से आने वाले यात्रियों का कोविड जांच का निर्देश दिया।` बैठक में मुख्य विकास अधिकारी प्रकाश गुप्ता, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. हरगोविंद सिंह, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी (एनएचएम) डॉ. उमेश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेश सिंह के साथ सभी एमओआईसी एवं अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### टेंपो पलटने से महिला की मौत, तीन घायल



**बलिया।** एनएच 31 पर स्थित दुबहड़ थाना क्षेत्र के अखार-नगवां से सटे राम-जानकी मंदिर के पास बुधवार को टेंपो की टक्कर से एक महिला की मौत हो गयी, जबकि तीन महिलाएं घायल हो गईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। वहीं, मृतका की लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शिवपुर दियर नई बस्ती की भगवत छपरा निवासी सरस्वती देवी (30) पत्नी राकेश सिंह खरवार, मीना देवी (45) पत्नी लल्लन प्रसाद, कुमारी ज्योति (17) पुत्री राजेश सिंह खरवार व संध्या देवी (40) पत्नी राजेश सिंह बेयासी ढाले से दांत का इलाज कराकर अपने घर लौट रही थीं। इसी बीच दुबहड़ की तरफ से बलिया मुख्यालय की तरफ जा रही तेज रफ्तार टेंपो ने पीछे से जोरदार धक्का मार दिया। टेंपो की टक्कर से तीन महिलाएं बुरी तरह घायल होकर सड़क पर गिरकर चीखने चिल्लाने लगीं, जबकि सरस्वती देवी पत्नी राकेश सिंह खरवार को टेंपो घसीटते हुए 15 से 20 मीटर तक ले गया। घटना की सूचना पर हमराहियों के साथ पहुंचे दुबहड़ थाना प्रभारी राजेश कुमार मिश्रा ने आस-पास के ग्रामीणों एवं परिजनों के सहयोग से सभी घायलों को जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां सरस्वती देवी को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। टेंपो दुर्घटना में घायल मीना देवी, कुमारी ज्योति व संध्या देवी का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। इधर सरस्वती देवी की मौत से परिजनों में हाहाकार मच गया है। सरस्वती देवी के दो छोटे-छोटे पुत्र हैं, जिन्हें यह नहीं मालूम कि उसकी मां अब इस दुनिया में नहीं है। वहीं, दरवाजे पर भीड़ और परिजनों के चीखने-चिल्लाने के कारण किसी अनहोनी की आशंका से वह भी दहाड़े मार-मार कर रो रहे थे। इधर घटना की सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों एवं परिजनों द्वारा टेंपो एवं टेंपो चालक को पकड़कर दुबहड़ पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया।

### 110 लीटर देसी शराब के साथ 25 हजार इनामी अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार




**बलिया।** पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर के निर्देशन में रेवती पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस टीम ने 25 हजारी अभियुक्त को 110 लीटर अवैध देशी शराब व शराब बनाने की सामग्री के साथ गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक हरेन्द्र सिंह व उप निरीक्षक धर्मेन्द्र दत्त मय फोर्स द्वारा मुखबीर की सूचना पर पिछले एक वर्ष से फरार चल रहे पचीस हजार रुपये के ईनामिया पुनपुन पासवान पुत्र स्व. रामचन्द्र पासवान (निवासी ग्राम भाखर, कोलेन पाण्डेय का टोला, रेवती) को 06 जरिकेन कच्ची अपमिश्रित शराब, नौसादर, फिटकिरी, यूरिया व नमक के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्त को चालान न्यायालय कर दिया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक हरेन्द्र सिंह व उप निरीक्षक धर्मेंद्र दत्त के साथ एचसी हरिन्द्र पटेल, कां. संदीप सोनकर, सूरज यादव व राहुल चन्दा शामिल रहे।

### सेल्फी प्वाइंट को लेकर राजनीति शुरू, लोग बोले-मोहल्लों की साफ-सफाई ज्यादा जरूरी



**मऊ।** नगर क्षेत्र के बलिया मोड़ के पास बन रहे सेल्फी प्वाइंट को लेकर राजनीति तेज हो गई है। नगर पालिका क्षेत्र की जनता ने साफ-सफाई को लेकर वर्तमान चेयरमैन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कहा कि महीनों तक मोहल्लों में साफ सफाई नहीं होती है। वहीं नगर पालिका के चेयरमैन सेल्फी प्वाइंट की बात कर रहे हैं। नगर पालिका क्षेत्र में साफ-सफाई और सेल्फी प्वाइंट को लेकर पूर्व चेयरमैन अरशद जमाल ने कहा कि सेल्फी प्वाइंट से ज्यादा जरूरी मोहल्लों की साफ-सफाई है। मोहल्ला की हालत बहुत खराब हो चुकी है। चारों तरफ गंदगी का अंबार लगा हुआ है। नालिया बजबजा रही हैं। ऐसे में नगरपालिका की जनता को सेल्फी प्वाइंट दिखाकर मुद्दों से भटकाने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन नगरपालिका की जनता समझदार है। लोगों को पता है कि इसका जवाब कैसे देना है। आगामी चुनाव में जनता बखूबी जवाब देगी। पूर्व चेयरमैन अरशद जमाल ने कहा कि जनता की मूलभूत समस्याओं पर कोई काम नहीं हुआ है। पांच सालों से केवल जनता को ठगा जा रहा है। चुनाव सर पर आया है तो सेल्फी प्वाइंट दिख रहा है। इससे पहले पांच सालों में किसी को सेल्फी प्वाइंट नहीं दिखाई दिया। गलियों में गंदगी का अंबार है। उसे साफ ना करा कर सेल्फी प्वाइंट की बात की जा रही है। मऊ नगर पालिका क्षेत्र की जनता के लिए यह बहुत बड़ा दुर्भाग्य है। वार्ड नंबर 27 के सभासद शमीम अहमद ने बताया कि मूलभूत जनता की समस्याओं पर कोई काम नहीं हुआ है। नगर पालिका की जनता साफ पानी के लिए सालों से परेशान है, लेकिन अभी तक उनकी समस्याओं पर कोई काम नहीं हुआ है। मोहल्ले के लोगों ने कई बार शिकायत की तो बोरिंग कर छोड़ दिया गया।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के लागू होने से भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर

- बलिया सांसद ने एक संगोष्ठी में की शिरकत

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

गाजीपुर में सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेज में भारतीय ज्ञान परंपरा एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें बलिया के सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त शामिल हुए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के लागू होने से भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर होगा।

सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने कहा कि आज यहां संवाद हो रहा है। भारतीय ज्ञान परंपरा और नई शिक्षा नीति की परंपरा का पालन करने के लिए मैं यहां आया हूं। उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय भाषाओं में लोगों को प्रशिक्षित करना और ज्ञान देना और अभी तक का अनुभव यह रहा है कि दुनिया के कई जगह से जो जानकारी प्राप्त है। क्षेत्रीय भाषाओं में जो बच्चे जानकारियां प्राप्त कर लेते हैं और उसके बाद सामाजिक और आर्थिक समृद्धि को मुकाम तक पहुंचाना नई शिक्षा नीति का मुख्य उद्देश्य है। निकाय चुनाव पर हाईकोर्ट के फैसले के बाद सभी विपक्षी दल भाजपा पर हमलावर हैं और वह भाजपा को पिछड़ा वर्ग विरोधी बता रहे हैं। इस पर उन्होंने कहा कि उन लोगों को जानकारी नहीं है। भाजपा पहली बार किसी पिछड़ी जाति को अपना प्रधानमंत्री बनाया। पिछड़े वर्ग को उप राष्ट्रपति बनाया और किसी आदिवासी को राष्ट्रपति बनाया।

## मऊ के डॉ. घनश्याम दुबे बने उत्तर प्रदेश स्काउट गाइड प्रशिक्षण टीम के सदस्य

**केटी न्यूज/मऊ**



राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र भारत स्काउट गाइड मध्य प्रदेश पंचमढ़ी में चार दिसंबर से 10 दिसंबर 2021 तक सात दिवसीय कैंप सहायक प्रशिक्षक कोर्स आयोजित हुआ था। जिसमे पूरे उत्तर प्रदेश एवं डिग्री का बीवीलेज एक मात्र प्रशिक्षक के रूप में डॉ. घनश्याम दुबे असी प्रो भूगोल डीसी एसके पीजी कॉलेज मऊ से प्रतिभाग किया पूरे भारत से कुल 14 प्रतिभाग हिस्सा लिए थे । जिसके लीडर ऑफ दी कोर्स सेंटर चीफ श्री कृष्ण स्वामी जी थे।

जिसका परिणाम 31 मार्च 2022 को घोषित हुआ। जिसमें डॉ. घनश्याम दुबे सफल रहे। 19 से 25 दिसंबर बेसिक रोवर स्काउट लीडर कोर्स, प्रादेशिक प्रशिक्षण केंद्र मैमफोर्ड गंज प्रयाग राज में उत्तर प्रदेश स्काउट गाइड के प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त अरविंद श्रीवास्तव ने सहायक प्रशिक्षक के रूप में नामित किया। अरविंद श्रीवास्तव जी ने डॉ. घनश्याम दुबे को असीटेंट लीडर ट्रेनर रोवर का पार्चमेंट और बिट के साथ प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस उपलब्धि पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो सर्वेश पांडेय, चीफ प्राक्टर डॉ. बाबू लाल, प्रादेशिक संगठन आयुक्त हीरालाल यादव, आजमगढ़ मंडल अरडउ नौसद अली, अवधेश यादव डीओसी स्काउट, जिला मुख्य आयुक्त देव भास्कर तिवारी व अन्य ने शुभकामनाएं दी।

## गायत्री शक्तिपीठ प्रभारी ने की प्रेसवार्ता, विस्तार से रखा कार्यक्रम का विवरण

# दुर्बुद्धि रुपी असुर के खात्मा व सद्बुद्धि की उत्पत्ति के लिए मां गायत्री जरूरी

- शक्तिपीठ प्रभारी ने वेदमाता गायत्री की बताई महत्ता
- गायत्री शक्तिपीठ में 108 कुंडीय यज्ञ का होगा आयोजन

**केटी न्यूज/बलिया**


गायत्री शक्तिपीठ


विजेंद्र नाथ चौबे, गायत्री शक्तिपीठ प्रभारी

मनुष्य के अंदर दुर्बुद्धि रुपी असुरों का साम्राज्य हो गया है। इन असुरों का संहार करने के लिए सद्बुद्धि रुपी देव का अभ्युदय आवश्यक है। साथ ही, यह कार्य वर्तमान में निष्कलंक देवी वेदमाता गायत्री के द्वारा की संभव है। गायत्री माता विवेक और ज्ञान की देवी हैं। गायत्री परिवार इसी नवयुग निर्माण मिशन के लिए कार्य कर रहा है। इसी क्रम में एक जनवरी से चार जनवरी तक दिव्य धार्मिक अनुष्ठान निमित है। उक्त बातें गायत्री शक्तिपीठ प्रभारी विजेंद्र नाथ चौबे ने कहीं।

गायत्री शक्तिपीठ परिसर में पत्र प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए श्री चौबे ने गायत्री माता की महत्ता, गायत्री परिवार की मंशा और आयोजित कार्यक्रम का विवरण विस्तार से रखा। आज आज इंसान स्वभाव में दुर्बुद्धि असुर के प्रभाव से मानव विचारों से वंचित होकर पशु विचार और संस्कृति की ओर बढ़ गया है। खाना सोना बच्चा पैदा करना और उनमें ही रहना अधिकांश हो गया है। वेदमाता गायत्री को इसी प्रवृत्ति को समाप्त कर सद्बुद्धि रुपी देव को प्राकट्य करना ही गायत्री परिवार की मंशा है। बताया सलिया शुरू से सभी मार्ग पर अग्रणी रहता है। इस अभियान में भी अग्रणी रहेगा। शक्तिपीठ में इसी निमित्त कार्य हो रहा है।

**2026 तक सभी घरों में स्थापित होंगी गायत्री माता :** बताया कि सभी घरों में वेदमाता को स्थापित करने का अभियान है। वेदमाता गायत्री को जिले के सभी घरों में स्थापित कर सद्बुद्धि को सर्वोपरि करने का लक्ष्य 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा।

**बताया कलश यात्रा का मार्ग भी :** शक्तिपीठ प्रभारी ने एक जनवरी को निकलने वाली भव्य टँश यात्रा का मार्ग भी बताया। कहा कलश यात्रा शक्तिपीठ से निकल चमनसिंह बाग रोड जाएगी। वहां से चौक, फिर सिनेमा रोड होकर हनुमानगढ़ी फिर बालेश्वर मंदिर पहुंचेगी। वहां से नया चौक होकर चित्रगुप्त मंदिर होकर भृगु ऋषि के मंदिर पहुंचेगी। वहां से रेलवे स्टेशन होकर चौक आएगी फिर महाबीरघाट रोड स्थित शक्तिपीठ आकर संपन्न होगी।

**प्रतिदिन सायं पांच बजे से संगीतमय प्रवचन भी :** विजेंद्र नाथ चौबे ने बताया कि गायत्री शक्तिपीठ में 108 कुंडीय यज्ञ के साथ सायं पांच बजे से संगीतमय प्रवचन होगा। शांतिकुंज हरिद्वार सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों से कथावाचक पधारेंगे।